# बिहार विधान-सभा वादवृत्त ।

## सरकारी प्रतिवेदन ।

---

(भाग-1—कार्यवाही प्रश्नोत्तर ।)

मंगलवार, तिथि 13 दिसम्बर, 1977

विषय-सूची — पृष्ठ

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—
अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या 108, 99 .. .. 1—8
तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या 1307, 1819, 1820, 1821, 8—27
1822, 1823, 1824, 1825, 708 .. .. 28—33
परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर)
दैनिक निबंध .. .. 35

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(3) श्री तिवारी के संबंध में न्यायाधीकरण की अनुशंसा को छोड़कर बिहार असैनिक सेवा में पुनः स्थापित करने का आदेश 29 नवम्बर, 1977 को निर्गत किया गया है। श्री तिवारी को पदस्थापित करने का निर्णय विचाराधीन है। सरकार शीघ्र निर्णय लेगी।

---

सहायकों की संपुष्टि।

1891. श्री बाबू लाल---क्या मंत्री, कार्मिक विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सचिवालय एवं संलग्न कार्यालय के 78 सहायकों ने प्राक-सम्पुष्टि प्रशिक्षण कोर्स फरवरी, 1976 में ही पूरा कर लिया है, यदि हां, तो सरकार इन सहायकों को संपुष्ट करने का आदेश कबतक देना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

प्रभारी मंत्री---सही बात यह है कि सचिवालय के विभिन्न विभागों के 78 सहायक मई, 1975 एवं जनवरी, 1976 में आयोजित प्राक-सम्पुष्टि प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए थे, लेकिन उनमें से मात्र 57 सहायकों ने ही पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया। सेवा में सम्पुष्टि के लिये मात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं, उन्हें प्राक-सम्पुष्टि परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त करना आवश्यक है। इस बीच कतिपय कारणों से प्राक-संपुष्टि परीक्षा का आयोजन संभव नहीं हो सकता है। निकट भविष्य में संपुष्टि परीक्षा आयोजित होने पर, उसमें सम्मिलित हो, उत्तीर्णता प्राप्त करने पर, संबंधित सहायकों की संपुष्टि तदनुसार हो सकेगी।

---

श्री शर्मा का स्थानान्तरण।

1897. श्री एस० अहमद सावरी---क्या मंत्री, कार्मिक विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि श्री रामाधार शर्मा वैशाली, जिला हाजीपुर में विभिन्न पदों पर करीब चार वर्षों से पदस्थापित हैं;

(2) क्या यह बात भी सही है कि सरकारी नियम के मुताबिक किसी भी सरकारी पदाधिकारी का तीन वर्षों में स्थानान्तरण आवश्यक है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त पदाधिकारी श्री शर्मा को कबतक स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

श्री कर्पूरी ठाकुर--(1) उत्तर स्वीकारात्मक है। श्री रामाधार शर्मा

---

वैशाली में भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में 30 नवम्बर, 1973 से पदस्थापित हैं। अगस्त, 1976 से वैशाली में कार्यपालक दंडाधिकारी के रूप में पदस्थापित हैं।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(3) श्री शर्मा को हाजीपुर में सामान्य पक्ष में मात्र एक वर्ष हुआ है लेकिन हाजीपुर में भू-अर्जन पदाधिकारी की अवधि को लेकर ये 4 वर्षों से पदस्थापित हैं। इन्हें हाजीपुर से स्थानान्तरित करने का विषय सरकार के विचाराधीन है।

## दैनिक निबंध

मंगलवार, 13 दिसम्बर, 1977।


| प्रश्न संख्या। | विषय। | पृष्ठ। |
| --- | --- | --- |
| | प्रश्नों के मौखिक उत्तर— | |
| | अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर— | |
| 108 | जिम्मेवार पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई .. | 1—5 |
| 99 | ट्रेन में लूट एवं हत्या .. .. | 5—8 |
| | तारांकित प्रश्नोत्तर— | |
| 1307 | हरिजनों की सुरक्षा .. .. | 8—13 |
| 1819 | डकैती के संबंध में .. .. | 14—16 |
| 1820 | गांवों का विद्युतीकरण .. .. | 16 |
| 1821 | एनेक्सर नं० 1 में दर्ज करना .. .. | 16—18 |
| 1822 | निर्णय को कार्यान्वित करना .. .. | 19 |
| 1823 | निर्णय का कार्यान्वयन .. .. | 20-21 |
| 1824 | आवेदन-पत्र पर कार्रवाई .. .. | 21—23 |
| 1825 | सी० बी० आई० द्वारा जांच .. .. | 23-25 |
| 708 | सर्वदलीय समिति का निर्माण .. .. | 26-27 |
| | परिशिष्ट (तारांकित प्रश्नोत्तर)— | |
| | 1839, 1856, 1860, 1887, 1891 तथा 1897 | 28—33 |


---

बिहार विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 295 एवं 296 के अनुसरण में बिहार विधान-सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित एवं सचिवालय मुद्रणालय, बिहार, पटना द्वारा मुद्रित।

---

वि०स०मु० (एल०ए०) 14—मोनो—700—12-9-1979—ज० प्रसाद